>

Title: Need to change funding pattern for construction of roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana.

श्री गजानन ध. बाबर (मावल): मैं सरकार का ध्यान प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की ओर दिलाना चाहता हूँ, महोदया देश में कुछ गांवों की नयी कनेक्टिविटी और सड़क उन्नयन की आवश्यकता है। वर्तमान में देश में सड़क उन्नयन का काम वांछित क्षेत्रों में नहीं हो पा रहा है , और नयी कनेक्टिविटी में भी सिर्फ चार विषयों के तहत कार्य किया जा रहा है।

1. भारत निर्माण के एक चरण के तहत अवशिष्ट नई कनेक्टिविटी कवरेज।
2. ऐसी परियोजना जिनको विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक की सहायता मिल रही हो।
3. अति पिछड़े जिलों की पहचान कर नयी बस्तियों को सड़क मार्ग से जोड़ना।
4. सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए विशेष सड़क कनेक्टिविटी पैकेज।

सरकार की इस नीति से महाराष्ट्र को प्रधानमंत्री सड़क योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जबकि महाराष्ट्र के हर गाँव की सड़कों को उन्नयन करने की आवश्यकता है।

मैं सरकार से आग्रह करना चाहता हूँ कि सड़क उन्नयन की मांग को देखते हुए सरकार अपनी मौजूदा नीति में बदलाव करे और राज्य सरकारों के साथ सड़क उन्नयन के लिए आर्थिक भागीदारी की नीति बनाने हेतु अतिशीघ्र बैठक करे और सड़क उन्नयन हेतु राज्य सरकार से भी कुछ प्रतिशत धनराशि इस कार्य हेतु वहन करने का सुझाव लें, जिसके माध्यम से स्थानीय गांवों में सड़क उन्नयन का कार्य शुरू हो सके तथा भारत के गांवों को अच्छी सड़कें, प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत मिल सकें।